हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .8 डिग्री

12 बीकानेर स्कूल के विद्यार्थियों ने कानूनी साक्षरता में लहराया परचम



12 सैनिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज कैडेट्स ने अनेक खेलों में दिखाया दम



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने क्रेन से हुए हादसे के बाद 15 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने क्रेन चालक चिराहड़ा निवासी कबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने 19 नवंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज केस में उंचा माजरा निवासी आशीष को काबू किया है।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने भिवाड़ी रोड पर अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भिवाड़ी मोड़ निवासी विवेक अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की तो उसके मकान से अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट के तीन आरोप जेल भेजे

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। सिटी पुलिस ने नशीले पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तारी किया था। नशा सप्लाई का आरोपी बास सिताबराय निवासी सोनू पर लगाया था। सोनू ने अपने ही मौहल्ले के रहने वाले संदीप से नशीला पदार्थ लेने की बात कही थी। मांढैया खुर्द आशीर्वाद का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें नारनौल जेल भेजने के आदेश हुए।

### अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अश्लील हरकत करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 5 दिसंबर को शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक रोबिन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसके बाद से ही वह पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी रोबिन को काबू कर लिया। उसे अनुसंधान में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना ने पुलिस शिकायत में थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने 9 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आजाद गुरूग्राम के भौड़ा कलां निवासी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में रोहड़ाई थाना पुलिस ने गुरूग्राम के लोहचबका निवासी भारत को काबू किया है। दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### रिश्वत के आरोपी कर्मचारी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** एंटी करप्शन ब्यूरो की चपेट में आए बिजली निगम के दोनों कर्मचारियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसीबी की टीम ने गत मंगलवार को बावल उपमंडल कार्यालय के क्लर्क संजय व लाइनमैन मुकेश को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। एसीबी ने यह कार्रवाई करनावास निवासी राजेंद्र की शिकायत पर की थी। दोनों आरोपियों को एसीबी ने केस दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया।

*सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे पुलिसकर्मी, इसके बावजूद राजस्थान के लोग कर गए दुस्साहस*

# रातों-रात तोड़ दिया सोहना रोड का रैंप, धारूहेड़ा के लोगों की परेशानी बढ़ी, प्रशासन दोबारा कराएगा निर्माण

रैंप के एक ओर पानी निकासी का रास्ता बना दिया गया, जिससे दूषित पानी का रुख एक बार फिर सेक्टरों की ओर हो गया



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में तोड़े गए रैंप से गुजरते वाहन।

### रैंप तोड़ने की चेतावनी पहले ही दे चुके थे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी/धारूहेड़ा

राजस्थान की ओर से आने वाले दूषित पानी से धारूहेड़ा कस्बे के लोगों को निजात दिलाने के प्रशासन की ओर से बनवाए गए सोहना रोड पर रैंप को वीरवार तड़के राजस्थान के लोगों ने तोड़ दिया। रैंप के एक ओर पानी निकासी का रास्ता बना दिया गया, जिससे दूषित पानी का रुख एक बार फिर सेक्टरों की ओर हो गया है। रैंप की सुरक्षा के लिए रात के समय पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई थी, परंतु इसके बावजूद रैंप तोड़ने वाले लोग पुलिस को चकमा दे गए। नपा प्रधान ने डीएमसी से लेकर एसडीएम तक को रैंप टूटने से अवगत करा दिया है। रैंप को लेकर दोनों राज्यों की सीमा पर तनाव बढ़ सकता है। धारूहेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं डीसी ने रैंप को फिर से ठीक कराने की बात कही है। भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से आने वाले केमिकल युक्त पानी का नजारा वर्ष 2023 में तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने मौके पर जाकर देखा था। उन्होंने पानी का रास्ता रोकने के लिए प्रशासन को रैंप बनाने के आदेश दिए थे। इसके बाद ही जिला प्रशासन ने सोहना नेशनल हाइवे पर धारूहेड़ा की सीमा में रैंप का निर्माण कराया था। रैंप बनने के बाद राजस्थान के सीमावर्ती इलाके के लोगों की परेशानी बढ़ गई, जिसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है। रैंप बनने से भिवाड़ी से आने वाला दूषित पानी राजस्थान की ओर ही ठहर रहा है। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों के लोगों ने दो बार महापंचायत करने के बाद प्रशासन से रैंप हटवाने की मांग की थी। साथ ही कुछ लोगों ने चेतावनी दी थी कि अगर रेवाड़ी प्रशासन ने रैंप नहीं हटवाया, तो वह खुद रैंप को तोड़ देंगे। इसके बाद रैंप की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाकर वहां पुलिसकर्मियों को तैनाती कर दी गई थी। वीरवार तड़के राजस्थान के लोगों ने पुलिस को चकमा देकर रैंप के हिस्से को नाले की तरह बना दिया, पानी धारूहेड़ा के सेक्टरों की ओर घुसना शुरू हो गया। पानी जल्द नहीं रुका तो सेक्टरों की हालत फिर से बदतर हो सकती है।

### राव इंद्रजीत सिंह जता चुके नाराजगी

जून माह में सीएम नायब सिंह सैनी के रेवाड़ी आगमन पर तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ भी कार्यक्रम में मौजूद थे। धारूहेड़ा में दूषित पानी रोकने के लिए बनाए गए रैंप को तोड़ने के प्रयासों को लेकर राव इंद्रजीत सिंह ने बाबा बालकनाथ के समक्ष कड़ी आपत्ति जताते हुए इस तरह की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही थी। इसके बाद राजस्थान के सीमावर्ती गांवों के लोग रैंप तुड़वाने को लेकर लामबद्ध हो गए थे।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा-भिवाड़ी बार्डर पर जमा दूषित पानी व तोड़ा गया रैंप।

### पानी बंद नहीं होने से बिगड़ेंगे हालात

भिवाड़ी के उद्योगों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी सोहना रोड पर राजस्थान की सीमा में ही ठहरा हुआ था। रैंप तोड़कर पानी निकासी का रास्ता बनने के बाद यह पानी धारूहेड़ा के सेक्टर-4 और 6 की ओर बहना शुरू हो गया है। इन सेक्टरों में केमिकल युक्त पानी का भराव लोगों के लिए एक बार फिर भारी परेशानी का सबब बन सकता है। पानी रुकवाने के लिए नपा चेयरमैन ने प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर तिजारा के विधायक बाबा बालक नाथ तक से अपील की है।

### पानी बन चुका राजनीति का अखाड़ा

धारूहेड़ा की ओर दूषित पानी का आना व रैंप निर्माण राजनीति का अखाड़ा भी बन चुके हैं। राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान तिजारा के प्रत्याशी रहे बाबा बालकनाथ मतदाताओं की नाराजगी को देखते हुए खुद रात के समय जेसीबी लेकर इस रैंप को तोड़ने के लिए पहुंच गए थे। प्रशासनिक हस्तक्षेप के चलते रैंप को टूटने से बचा लिया गया था। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन सीएम मनोहरलाल से भी इस बारे में बातचीत की थी। एक बार फिर से रैंप टूटने के बाद तनाव बढ़ने की आशंका बन गई है।

### रैंप की रिपेयर जल्द कराने के निर्देश



*रैंप तोड़ने का मामला अभी मेरी जानकारी में नहीं आया है। अगर ऐसा किया गया है, तो रैंप की जल्द रिपेयर कराई जाएगी। दूषित पानी को किसी भी सूरत में कस्बे में नहीं आने दिया जाएगा। रैंप की रिपेयर जल्द कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं।*
*-अभिषेक मीणा, डीसी।*

### दूषित पानी आने से बढ़ेगा खतरा



रैंप बनाने के बाद कस्बे के लोगों को दूषित पानी से छुटकारा मिल गया था। एक बार फिर से केमिकल युक्त पानी का भराव कस्बे के लोगों के लिए आफत बन सकता है। डीएमसी और एसडीएम को इससे अवगत करा दिया गया है। तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ से भी बात हुई है। उन्होंने मिल-बैठकर समस्या का हल निकालने की बात कही है।
-कंवर सिंह यादव, चेयरमैन, नपा।

### डीसी से मिले थे राजस्थान के लोग

सोहना रोड पर बना रैंप हटवाने के लिए दो बार सीमावर्ती गांवों के लोगों ने महापंचायत की थी। इसके बाद पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मिलकर रैंप हटवाने की मांग की थी। इन लोगों ने अप्रत्यक्ष रूप से इस रैंप को हर हाल में तोड़ने की चेतावनी दे दी थी। उसके बाद प्रशासन ने रैंप की सुरक्षा बढ़ा दी थी। रैंप के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी लगावाए गए थे। इसके बावजूद मौका पाकर रैंप से पानी निकासी का रास्ता बना दिया गया।

## अवैध कब्जे हटाने व बिजली के पोल संबंधित समस्या का समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की।

गांव बेरली कलां में फिरनी व अन्य स्थानों पर कचरा और ईंधन डालने संबंधित शिकायत पर डीडीपीओ को कार्रवाई करते हुए हटवाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-4 कॉम्प्लेक्स के नजदीक रेहड़ी व खोखा संचालकों की ओर से किए अवैध कब्जे की शिकायत पर एचएसवीपी के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं रामसिंहपुरा की गली नंबर-13 में बिजली के पोल लगवाने संबंधी शिकायत पर जांच कर पोल लगवाने के निर्देश दिए।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते एडीसी राहुल मोदी।

### समाधान शिविर काफी कारगर सिद्ध हो रहे

इसके अलावा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी और पुलिस संबंधित शिकायतों पर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निवारण कराने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में सभी विभागीय से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। इस मौके पर नगराधीश जितेंद्र कुमार व डीएसपी जोगिंद्र शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### अलग-अलग मामलों में तीन पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अदालत की ओर से उद्घघोषित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार किए गए उद्घोषित अपराधियों की पहचान जिला महेन्द्रगढ़ के गांव सागरपुर निवासी प्रदीप, राजस्थान के भिवाड़ी के फूलबाग निवासी विपिन व जिला झज्जर के गांव अम्बोली निवासी रामौतार के रूप में हुई है। अपराधी प्रदीप को थाना बावल पुलिस व रामौतार को थाना कोसली पुलिस ओर से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश न होने पर अदालत ने उद्घघोषित अपराधी करार दिया है तथा विपिन को थाना मॉडल टाउन पुलिस की ओर से वर्ष 2016 के बाइक चोरी के मामले में अदालत में पेश न होने पर उद्घघोषित अपराधी करार दिया था।

## आरपीएस कोसली के विद्यार्थियों का कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में शानदार प्रदर्शन

■ विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

आरपीएस स्कूल कोसली के विद्यार्थियों ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट यानि क्लैट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की। विद्यालय से रितिका गांव कोसली, गौरी गांव कोसली, तनीषा रेलवे स्टेशन कोसली, मोहित गांव सुंदरहेती, हितेश कुमार झज्जर व हर्षिता गांव नाहड़ ने क्लैट परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।



रेवाड़ी। परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों का सम्मान करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को शानदार परिणाम के लिए बधाई दी

आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव, कोसली स्कूल के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, सुमन यादव व निदेशक हंसराज यादव ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को शानदार परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्या अंजू यादव ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हर स्तर पर तैयार करना है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खेत में लगी सोलर प्लेट ले गए चोर

■ पुलिस ने मौके की जांच के बाद चोरी की धारा में मामला दर्ज किया

**कोसली।** खुर्शीदनगर गांव में चोर एक किसान के खेत में लगी सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकयत में बताया कि उन्होंने अपने खेत में 17 प्लेट का सोलर पंप लगा रखा है। गत सप्ताह चोर 9 सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। शनिवार को वे खेत में पहुंचे तो प्लेटें गायब मिली। अपने स्तर पर छानबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने जांच के बाद चोरी की धारा में मामला दर्ज किया है।

## नंदरामपुर बास रोड पर सब्जी मंडी कर रही ट्रैफिक जाम, लोगों को हादसा होने का डर

*मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समाधान की मांग की है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

कस्बे के सबसे व्यस्त रोड नंदरामपुर बास पर शाम के समय हेलीकॉप्टर गली के पास लगने वाली सब्जी मंडी टैफिक जाम करने के साथ परेशानी बन रही है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण रात के समय दुर्घटना की भी आशंका पैदा हो रही है। समस्या को लेकर गांव खरखड़ा निवासी प्रकाश यादव ने मुख्यमंत्री, शहरी निकाय मंत्री, जिला उपायुक्त व नगर पालिका धारूहेड़ा के सचिव को पत्र भेजकर समाधान की मांग की है। प्रकाश यादव ने बताया कि नंदरामपुर बास रोड पर सड़क किनारे लगने वाली सब्जी मंडी के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रहती है। सब्जी खरीदने के लिए आने वाले लोगों के वाहन और ऑटो सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है।



रेवाड़ी। नंदरामपुर बास रोड पर लगी सब्जीमंडी व वाहनों की लगी कतार। फोटो : हरिभूमि

### एक व्यक्ति घायल हो चुका

सुबह और शाम के व्यस्त समय में हालात और भी खराब हो जाते हैं। मंडी के कारण राहगीरों और वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। हाल ही में सोमवार शाम को आजाद नगर कट पर एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी से निकलने वाले कचरे के कारण भी क्षेत्र में गंदगी फैल रही है तथा सड़क किनारे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कोसली की एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की ओर से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी व कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूनिट स्तर पर शुरू किया गया धरना व प्रदर्शन वीरवार को सब-डिविजन परिसर में में भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व प्रमोद कुमार व सुरेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर जयप्रकाश युनिट प्रधान, विक्रम यादव सर्कल सचिव व शमशेर यादव पूर्व सर्कल सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना चाहती है,लेकिन कर्मचारी इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। अगर यह पॉलिसी लागू होती है तो विभाग में दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ने की संभावना हो जाएगी, विभाग व कर्मचारियों दोनों को नुकसान होगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार को हठधर्मिता छोड़कर यूनियन को वार्ता के लिए बुलाना चाहिए, जिससे समस्या का समाधान हो सकें।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर राजबीर, जयपाल, चन्द्र जीत, मदनलाल, सचिन, दीपक, मनोज, अजय, नितबल, पवन, कर्मवीर व सुनील सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की भी संभावना, जल्द शुरू हो सकता है कोहरे का प्रकोप

# मौसम में बदलाव के संकेत, तापमान में मामूली गिरावट से राहत

■ रात के समय कड़ाके की ठंड और दिन में गर्म मौसम लोगों को बीमार करने का कारण बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। तापमान में मामूली गिरावट से मौसम का मिजाज दिन के समय ठंडा पड़ना शुरू हो गया है। शुक्रवार से आसमान में बादल छाने की संभावना है। दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। कोहरे का प्रकोप भी जज्द देखने को मिल सकता है। दिसंबह माह के पहले सप्ताह के बाद से दिन के समय तेज धूप निकलने के कारण मौसम गर्म बना रहता है। रात के समय कड़ाके की ठंड और दिन में गर्म मौसम लोगों को बीमार करने का कारण बन रहा है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। एक बार फिर तेज धूप ने मौसम को गर्म बनाए रखा, लेकिन अन्य दिनों की तुलना में मौसम ठंडा रहा। अधिकतम तापमान 0.6 डिग्री की मामूली कमी के साथ 24.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 0.7 डिग्री सेल्सियस गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाओं की गति 8 किमी प्रति घंटा रही, जबकि हवा में नमी का स्तर 72 प्रतिशत तक रहा। दिसंबर माह का पहला पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी दिन के समय गर्मी ने अभी तक लोगों को परेशान नहीं किया है।

### आज छाए रह सकते हैं बादल



रेवाड़ी। एक खेत में प्रगति की ओर अग्रसर गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

### प्रदूषण का स्तर बढ़ने से परेशानी

*तापमान गिरने और हवा में नमी बढ़ने के कारण प्रदूषण का बढ़ना शुरू हो गया है। अगर दिन के समय तापमान में गिरावट आती है, तो इससे एक्यूआई में तेजी से वृद्धि हो सकती है। वीरवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 300 के आसपास था, जो शात तक कम होकर 266 पर आ गया। रात को मौसम ठंडा रहने के कारण सुबह के समय आसमान में धुएं की परत छाई रहती है। शाम के समय भी प्रदूषण साफ दिखाई देता है। अगर बारिश होती है, तो इससे प्रदूषण साफ होने में मदद मिलेगी।*

### तापमान में कमी आने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 19 दिसंबर से आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। इस दौरान दिन के तापमान में कमी आने की संभावना है। कोहरा भी सड़कों पर वाहनों की रफ्तार प्रभावित कर सकता है। तीन से चार दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान बूंदाबांदी होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है।

### अंसल टाउनशिप सेक्टर 19 के लिए 19 तक दें सकते सुझाव या आपत्ति

**रेवाड़ी।** वर्ष 2025-2026 के कलेक्टर रेट सूची में अंसल टाउनशिप सेक्टर-19 के व्यवसायिक इन्टीटूसनल रेट 14025 प्रति वर्ग मीटर करने के बारे में आमजन से सुझाव या आपत्ति के लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट रेवाड़ी.जीओवी.इन पर अपलोड किए गए हैं। जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल ने बताया कि आमजन उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 114 व कार्यालय की ईमेल आईडी डीईआरडब्ल्यूआर@एचआरवाई.एनआईसी.इन तथा जमाबंदी.एनआईसीइन पर अपने सुझाव या आपत्ति दे सकते हैं। जिला राजस्व अधिकारी ने बताया कि सुझाव व आपत्ति के लिए 19 दिसंबर अंतिम तिथि बताई गई है।

# एलपीजी के अवैध गोदाम पर रेड, चलता था रिफिलिंग का कार्य, 117 सिलेंडर बरामद

**पिता-पुत्र मिलकर चला खेल रहे थे रिफिल का खेल, सिलेंडर रिफिर करने की मोटर व दो वाहन पकड़े**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सदर थाना पुलिस ने भगवानपुर गांव में एलपीजी के अवैध गोदाम का भंडाफोड़ किया है। गोदाम में बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर रिफिल करने का धंधा चलाया जा रहा था। इस धंधे को पिता-पुत्र अंजाम दे रहे थे, जो पुलिस की रेड पड़ते ही फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से 177 गैस सिलेंडर व दो वाहन सहित सिलेंडर रिफिल करने का सामान भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि भगवानपुर निवासी राजपाल और उसका बेटा लोकेश अवैध तरीके से बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरने का कार्य करते हैं। उनके गोदाम पर बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद एसएचओ राजेंद्र कुमार की टीम मौके पर पहुंच गई। बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर मौजूद होने के कारण उन्हें सहायक खाद्य एवं अपूर्ति अधिकारी सतप्रकाश को मौके पर बुलाया। इसके बाद वहां मौजूद सिलेंडरों की चेकिंग की गई। पुलिस ने 19 किलोग्राम वजन के 4 खाली और 7 भरे हुए, 14 किलोग्राम वजन के 74 खाली और 3 भरे हुए तथा 5 किलोग्राम वजन के 26 खाली और 3 भरे हुए सिलेंडर बरामद किए। पुलिस ने गोदाम पर मौजूद एक पिकअप गाड़ी से 50 और टैंपो से 14 खाली सिलेंडर बरामद किए। इलेक्ट्रिक रेफ्टिंग मशीन पाइप लगी हुई व वजन करने का कांटा सहित काफी सामान पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

राजपाल का बेटा लोकेश मौके पाकर फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।





रेवाड़ी। भगवानपुर स्थित अवैध गोदाम में रखे छोटे गैस सिलेंडर, जब्त किए गए गैस सिलेंडर तथा गोदाम में रखा सिलेंडर रिफलिंग का सामान। फोटो : हरिभूमि

### गांवों और औद्योगिक एरिया में सप्लाई

पुलिस के अनुसार बाप-बेटा दोनों मिलकर कॉमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडरों से पांच किलोग्राम वजन के सिलेंडरों में गैस भरते थे। इसके बाद छोटे सिलेंडरों की गांवों और औद्योगिक एरिया में रहने वाले लोगों तक आपूर्ति करते थे। नियमानुसार इस तरह से बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर रिफिल करना गैर कानूनी है। सिलेंडर रिफिल करते समय गैस लीक होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की विफलता

आम उपभोक्ताओं के लिए एक सिलेंडर हासिल करना भी मुश्किल बना रहता है, वहीं एक ही गोदाम पर इतनी बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों का मिलना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठा रहा है। विभाग के अधिकारियों को समय-समय गैस एजेंसियों के स्टॉक की जांच करनी होती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि वहां इतनी अधिक संख्या में गैस सिलेंडर आखिर कैसे पहुंचे।

### जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास

भगवानपुर में राजपाल और उसका बेटा लोकेश दोनों मिलकर बड़ सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरते थे। इसके बाद छोटे सिलेंडरों को अलग-अलग एरिया में महंगे दामों पर सप्लाई किया जाता था। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

-राजेंद्र कुमार, एसएचओ, थाना सदर।

## खबर संक्षेप

### बिलिंग संबंधित बिजली उपभोक्ता दरबार आज

**नारनौल।** बिजली निगम की ओर से बिलिंग संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के लिए 19 दिसम्बर को दरबार लगेगा। कार्यकारी अभियंता कार्यालय में इसके लिए सुबह 10 से 11 बजे तक 50 हजार तक के बिलिंग से संबंधित सीजीआरएफ शिकायतें सुनी जाएगी। उपभोक्ता एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लेकर आए और अपने बिल संबंधी पक्ष रखें।

### अधिवताओं ने रखा एक दिन का वर्क सस्पेंड

**कनीना।** हाल ही में पंजाब पुलिस द्वारा हिसार की सीआईए-1 के खिलाफ केस दर्ज करने के मामले में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और पंजाब और हरियाणा के संबंधित जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर कनीना कोर्ट में अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को एक दिन का वर्क सस्पेंड रखकर विरोध जताया। कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव ने बताया कि एफआईआर फिलहाल अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई है। लेकिन अधिकारियों की संलिप्तता जताई जा रही है। इस मौके पर कनीना बार एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

### चेन स्नेचिंग के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कृष्णा कॉलोनी में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात को सुलझाते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम वासी रसनाली कोटपूतली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से 60 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि यह मामला 29 सितंबर को दर्ज किया गया था। कृष्णा कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमारी ने शिकायत दी थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उनके घर के बाहर से उनके गले से सोने की चेन छीन ली थी। आरोपित विक्रम एक आदतन अपराधी है। खिलाफ पहले भी स्नेचिंग के अनेक मामले दर्ज हैं। आरोपित ने पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया।

# बदमाशों के बीच झगड़ा, डंडों से बुरी तरह विक्की डोहर के पैरों में मारी गहरी चोटें

## नसीबपुर के पास बाइक व गाड़ियों में सवार करीब 20 बदमाशों ने विक्की डोहर पर किया ताबड़तोड़ हमला, जयपुर में चल रहा इलाज

**नारनौल से जयपुर घायल के बयान लेने गई पुलिस, बयान के बाद ही पुलिस करेगी आगामी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



विक्की डोहर।

शहरी क्षेत्र गांव नसीबपुर में बुधवार शाम दो बदमाशों के बीच झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष से करीब 20 बदमाश थे और दूसरे पक्ष से एक ही था। उसे बुरी तरह डंडों से पिटा गया। उसके पैर व घुटनों में अधिक चोट लगी है। वारदात के बाद हमलावार भाग गए। घायल को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को जयपुर लेकर गए है। बताया जा रहा है कि पुलिस घायल के बयान लेने जयपुर गई थी। समाचार लिखे जाने तक बयान नहीं हुए थे। पुलिस घायल के बयान मिलने का इंतजार कर रही है।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम

गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू का साथी विक्की डोहर है। इस पर कई मुकदमें दर्ज है। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम विक्की डोहर नसीबपुर में जेठू बाबा मंदिर के पास आया था। हमलावरों ने अंधेरे होने का इंतजार किया और जब अंधेरा हुआ तो विक्की डोहर पर हमला कर दिया। जहां यह हमला हुआ वहां अंधेरा अधिक था और आस–पास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे बताए जा रहे है। पेशेवर बदमाशों की तरह लाठी डंडों से पैर व घुटनों पर ही ज्यादा वार किए ताकि लंबे समय तक बिस्तर पर आराम करना पड़े। यह बदमाश बाइक व गाड़ी में सवार होकर आए थे और इनकी संख्या 20 के करीब बताई जा रही है। चर्चा यह भी रही कि गोली चलाई गई। इस पर पुलिस इनकार कर रही है। इस पूरी वारदात को प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। हमलावरों में जिनका नाम सामने आ रहा है, उनमें एक नारनौल शहर व दूसरा महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव का बताया जा रहा है। वारदात के बाद घायल को निजामपुर रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल के साथी व परिजन रात को ही उसे जयपुर लेकर रवाना हो गए।

## गांवड़ी जाट-निजामपुर सड़क मार्ग धंसने से दुर्घटना का मंडराया खतरा, रिपेयर की मांग



निजामपुर। गांवड़ी बस स्टैंड के नजदीक सड़क पर जानलेवा हादसों को निमंत्रण देता गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

**निजामपुर।** निजामपुर-नांगल चौधरी सड़क मार्ग गांवड़ी जाट बस स्टैंड पास धंस गया। यह गड्ढा वाहन चालकों को दूर से दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। चिंतित ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़क से अवगत करवा दिया, बावजूद रिपेयर प्रक्रिया अटकी हुई है। जिससे आक्रोशित लोगों ने उपायुक्त से क्षतिग्रस्त सड़क की रिपेयर कराने की गुहार लगाई है।

बिक्रम सिंह, विनोद कुमार, महेशचंद, आकाश कुमार, चंद्रभान, हजारीलाल ने बताया कि विभाग ने बीते साल सड़क मार्ग की रिपेयर कराई थी। लेकिन रिपेयर प्रक्रिया में उच्च क्वालिटी का मैटेरीयल नहीं लगाया जिस कारण सड़क उखड़नी और धंसनी आरंभ हो गई है। गांवड़ी जाट से निजामपुर की तरफ पैट्रोल पंप के सामने करीब पांच महीने से तीन फीट गहरा गड्ढा है जो चालकों को दूर से दिखाई नहीं देता है। ऐसे में आए दिन बाइकों की दुर्घटना होने लगी हैं। स्पीड तेज होने के कारण लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके, बीते दिनों नांगल दुर्गू निवासी युवक का पैर भी टूट चुका है। परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क पर हादसे को निमंत्रण दे रहे गड्डे को भरने की मांग की है।

*पुलिस ने मामले की जांच शुरू की*

# क्षेत्र में घटित अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

- 31 वर्षीय नवीन यादव ने कोई जहरीला पदार्थ पीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र में घटित हुई अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। जानकारी के अनुसार अलवर जिला के गांव नायसुराणा निवासी करीब 31 वर्षीय नवीन यादव ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। जहरीला पदार्थ पीने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। मृतक शादीशुदा था और उसकी करीब एक साल की बिटिया है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में मौत

नारनौल–सिंघाना रोड पर खटोटी मोड़ के समीप गांव खोड़मा निवासी करीब 38 वर्षीय आजाद सिंह सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। भाई दीपक ने बताया कि आजाद बाइक द्वारा गांव से खटोटी जा रही थी, जबकि सामने से एक ट्रैक्टर आ रहा था और उसमें चैनल रखे हुए थे। अचानक ट्रैक्टर वाले ने टक्कर मार दी तथा चोटें लगने से आजाद की मौत हो गई। वह शादीशुदा था और उसके छोटे–छोटे बच्चों में दो लड़की एवं एक लड़का हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### बुजुर्ग की मौत

इसी प्रकार नागरिक अस्पताल के समीप बनी अनाज मंडी के गेट पर एक वृद्ध व्यक्ति अचानक गिर पड़ा। आसपास के लोगों एवं पुलिस ने उसे तुरंत ही निजी वाहन से नजदीक बने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांस्टेबल रमेश ने बताया कि वे दोपहर को मंडी के सामने से गुजर रहे थे। तब एक बुजुर्ग को सड़क पर गिरे हुए देखा। उसके पास तीन–चार लोग भी खड़े थे। बुजुर्ग ने खून की उल्टी कर रखी थी, जिस पर उसे शीघ्रता से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की पहचान नहीं होने के कारण शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। उसकी आयु करीब 65 वर्ष है।

*पॉलिसी से तकनीकी कर्मचारियों पर शारीरिक व मानसिक प्रभाव पड़ रहा*

# ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों का दो घंटे चला धरना–प्रदर्शन

- यूनिट सचिव प्रमोद ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के दुष्परिणामों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्रीय परिषद हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के आह्वान पर नारनौल डिविजन के प्रांगण में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में यूनिट स्तर का दो घंटे का धरना–प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता पूर्व संगठनकर्त्ता सुभाष रोहिल्ला ने की। मंच संचालन जेई अशोक यादव ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी से तकनीकी कर्मचारियों के शारीरिक व मानसिक प्रभाव पड़ता है, जिससे वह अपने कार्य को सही ढंग से नहीं कर पाएगा और फील्ड में दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। इस धरना–प्रदर्शन में यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव, सब अर्बन से चंद्रजीत, सिटी सब यूनिट से सुरेंद्र यादव, सीटी 2 से प्रधान जितेंद्र चौधरी, सब यूनिट सिहमा से विनित शर्मा, सब यूनिट अटेली से बलवान, उपप्रधान राकेश कुमार, चेयरमैन ललित सिंह, संगठनकर्त्ता प्रेमपाल, जितेंद्र शर्मा, जेई सत्यवीर, जेई प्रवीण, एएफएम राजेंद्र, जेई शेरसिंह, एएफएम भगवान दास, एएफएम रामानंद, एएफएम हरपाल, एएलएम प्रवीण, एएलएम अशोक, एएलएम ऋषि, एएलएम महिपाल, एएलएम राजेंद्र, एसए प्रीत्तमपाल, एएलएम हरिओम समेत अनेक कर्मचार मौजूद रहे।



नारनौल। ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम ने स्कूल का औचक निरीक्षण कर की मिड–डे मील की जांच

- भोजन की गुणवत्ता या स्वच्छता में कमी पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

एसडीएम उदय सिंह ने वीरवार राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय अमरपुरा में औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मिड-डे मील) के तहत बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्कूल की सामान्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने स्वयं मिड-डे मील का स्वाद चखा और भोजन की शुद्धता व पौष्टिकता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा ताजा और गर्म भोजन ही परोसा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से भी बातचीत की और उनसे मिल रहे भोजन व शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दे रही है। भोजन की गुणवत्ता या स्वच्छता में कमी पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



नारनौल। मिड–डे मील की जांच करते एसडीएम उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

**अतिक्रमण नहीं हटाने वाले दुकानदारों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**

# नपा की विशेष टीम आज चला सकती है अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका प्रशासन की ओर से शुक्रवार को एक बार फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर नपा प्रशासन की ओर से विशेष टीमों का गठन किया गया। बता दें कि शहर को अतिक्रमण मुक्त व स्वस्थ बनाए रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन व स्थानीय व्यापारियों के बीच सहमति बनी थी। जिसके तहत व्यापारियों व दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए 18 दिसंबर का समय दिया गया था, जो वीरवार को पूरा हो गया। ऐसे में शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने की पूरी संभावना है।

बता दें कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने व्यापारियों को चेतावनी दी हुई है कि दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सड़क व फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। ऐसे में व्यापारियों को अपना सामान सीमित रखना होगा। इसके साथ ही दुकानों के बाहर या ऊपर लगाए गए अवैध टीनशेड को हटाने के आदेश दिए गए हैं। जिसके लिए प्रशासन ने व्यापारियों को 18 दिसंबर तक का समय दिया था, ताकि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें। यदि 19 दिसंबर तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में गठित चार विशेष टीमें पुलिस बल के साथ पूरे शहर में सफाई अभियान चलाएंगी।


नपा प्रशासन व व्यापारियों की बैठक में शहर को साफ-सुथरा करने का निर्णय
ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चार टीमें चलाएंगी अभियान
नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की जाएगी भारी दंडात्मक कार्रवाई
शहर के बाहर सामान रखने पर पाबंदी
इन मार्गों पर भी रहेगी विशेष नजर

- नगर पालिका प्रशासन ने दुकानदारों व व्यापारियों को दिया था 18 दिसंबर तक का समय

**महेंद्रगढ़।** 18 दिसंबर को दैनिक हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

### इन स्थानों पर चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

नपा प्रशासन की ओर से शुक्रवार को मुख्य रूप से रेलवे रोड, सिनेमा रोड, गोशाला रोड, गंगा देवी अस्पताल मार्ग, राव तुलाराम चौक, स्टेट हाइवे 148 बी पर महाराजा शूर सैनी चौक से रिवासा फ्लाईओवर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। नपा प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि व्यापारी अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ बनाने में अपना सहयोग दें, ताकि शहर को सुंदर व अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके।



## शहादत दिवस पर निकाला मशाल जुलूस

**रेवाड़ी।** सामाजिक संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन यानि एआईडीवाईओ के तत्वावधान में आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी योद्धा शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह के 98वें शहादत दिवस पर राव तुलाराम पार्क से मशाल जुलूस निकालकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा संगठन के जिला सचिव अजय सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर थे। मशाल जुलूस में संदीप, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, पवन कुमार एडवोकेट, अंशु, पारस, हरिओम रिटायर्ड मुख्याध्यापक, मनोज रिटायर्ड ईओ, एम्स संघर्ष समिति मनेठी के अध्यक्ष कैलाश चंद, आकाश, सुमन देवी, सुमन कुमारी व इशू सहित अनेक युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया।



## लियाफी यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित

**रेवाड़ी।** एलआईसी एडवाइजर यूनियन के तत्वावधान में सेंड पाईपर कॉम्प्लेक्स में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, विस्तार तथा अभिकर्ताओं के अधिकारों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर मंडल से नरेश कुमार सैनी ने कहा कि अभिकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एकजुट और संगठित रहना आवश्यक है। संगठित होकर ही अपने अधिकारों के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाई जा सकती है और कार्य को सरल व सुचारु रूप से किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता जोन से आए विकास भारद्वाज ने की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से ब्रांच में लियाफी यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सतीश कुमार यादव को प्रधान, हरीश बंसल को उप-प्रधान, महेंद्र कुमार झाझरिया को सचिव, परमेश कुमार को खजांची तथा उधम सिंह को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

### खेलकूद समारोह में दौड़, रिले रेस, लॉन्ग जंप व हाई जंप सहित एथलेटिक प्रतियोगिताएं आयोजित

# सैनिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

### उज्ज्वल जीवन और भविष्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य को अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में वीरवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज किया गया। खेलकूद समारोह में दौड़, रिल रेस, लॉन्ग जंप व हाई जंप सहित एथलेटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजन का उद्देश्य कैडेट्स को नियमित शैक्षणिक कार्यक्रम से ब्रेक देना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और समुदाय व सौहार्द की भावना को मजबूत करना था। इस अवसर पर प्राचार्य कैप्टनब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जयसिंह राठौड़, उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के सभी सदनों के मार्चिंग दलों की सलामी ली। प्राचार्य ने खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर विद्यालय कप्तान खेल कैडेट आर्यन को हस्तांतरित की। खेल कप्तान ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कैडेट्स के उज्ज्वल जीवन और भविष्य के लिए शारीरिक स्वास्थ्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और कुशल नेतृत्व भावना को बताया। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल कैडेट्स उचित प्रशिक्षण में इन गुणों को विकसित कर रहा है ताकि विभिन्न वे क्षेत्रों में जाकर देश सेवा कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षिक व प्रशासनिक कर्मी उपस्थित थे। एपीटीसी हवलदार रमन थापा व हवलदार सूरज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कैडेट्स ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

### कैडेट्स ने अनेक खेलों में दिखाया दम






रेवाड़ी। खेल भावना की शपथ लेते हुए कैडेट्स तथा विजेता कैडेट्स को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### कैडेट्स ने स्पर्धाओं में दिखाया दम



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कैडेट्स ने 33 विविध ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं सहित पीटी, जिम्नास्टिक्स, रिंग ऑफ फायर व एरोबिक्स का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन कैडेट्स, शिक्षकों व अन्य स्टाफ के बीच सौहार्द व सामंजस्य देखने को मिला। मुख्य प्रतियोगिताएं वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9-12, कनिष्ठ वर्ग कक्षा 7-8, कनिष्ठतम वर्ग कक्षा 6 के सदनों के ब्वायज व गर्ल्स खिलाड़ियों के बीच हुई। पहले दिन 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1500 मीटर, 1600 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर रिले तथा 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके साथ-साथ कैडेट्स ने लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट व जैवलिन थ्रो में अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिताओं में कैडेट सत्यम, कैडेट शिप्पू यादव, कैडेट देवयानी, कैडेट प्रिंस, कैडेट नव्या, कैडेट ऋतु, कैडेट जतिन, कैडेट अभि, कैडेट शिवम, कैडेट ऋचा, कैडेट आर्यन, कैडेट पारुल, कैडेट पुनीत, कैडेट नैन्सी, कैडेट धैर्य, कैडेट अवि राठी, कैडेट तरुण, कैडेट कार्तिक, कैडेट सुधांशु, कैडेट युवराज, कैडेट पारुल, कैडेट लक्ष्मी, कैडेट अंकित व कैडेट रितेश स्वर्ण पदक विजेता रहे। वहीं अन्य विजेता खिलाड़ियों का रजत व कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।



रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## बीकानेर स्कूल के विद्यार्थियों ने कानूनी साक्षरता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में सफलता का परचम लहराया है। कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय की प्रतिभाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में कक्षा 10 वीं की छात्रा सुकन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा डिंपी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की छात्रा दीप्ति तथा नीतू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा अंजली ने द्वितीय, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा यशिकाने द्वितीय तथा स्किट प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा ईशा, ऋतु, साक्षी, मुस्कान, खुशी, खुशबू, कीर्ति व अर्णव की टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य मनोज कुमार ने प्रार्थना सभा में विजेताओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया और जिला स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता नीतू कुमारी, डा. सुविधा यादव, डा. मनीषा शर्मा, विक्टोरिया, नेहा शर्मा, कांता लहकरा, रविंद्र कुमार सैनी, पूनम देवी, प्रिया देवी, राजेश कुमार व नरेंद्र सिंह मौजूद थे।

## सोलर लाइट लगाने के लिए मांग आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि हरियाणा सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में एसपीवी यानि सोलर फोटोवोल्टिक स्ट्रीट लाइटिंग योजना को संशोधित दिशा-निर्देशों के साथ लागू किया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक विद्युत पर निर्भरता को कम करना, ऊर्जा की बचत करना तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा देना है। एडीसी मोदी ने कहा कि यह योजना मांग आधारित है और इसे पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर क्रियान्वित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों, जिला परिषदों, ब्लॉक समितियों सहित अन्य पात्र ग्रामीण संस्थाओं से सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए मांग आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश स्तर पर 15,500 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का प्रस्ताव है।

### योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए



एडीसी ने सभी बीडीपीओ को अपने-अपने क्षेत्र में ग्राम पंचायतों से मांग का शीघ्र आंकलन करने और पात्र पंचायतों को योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि वे गांवों में आवश्यकतानुसार सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर जिला प्रशासन को भेजें, ताकि जिले को अधिकतम आवंटन प्राप्त हो सके और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, रोशनी तथा सुविधा में सुधार किया जा सकें।

## बावल विधायक ने विधानसभा में उठाए बावल क्षेत्र के विकास के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने वीरवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों को विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान उठाया। विधायक ने देश और प्रदेश में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त भी किया। विधायक डा. कृष्ण ने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों में स्वतंत्रता सेनानी शहीद राव तुलाराम के नाम से स्टेडियम, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय से बनवाया जाए। वहीं स्वतंत्रता सेनानी के नाम से चौक का निर्माण भी कराया जाए। इसके साथ-साथ विधायक ने बावल में पॉलिटेक्निकल कॉलेज, आईटीआई, 32 केवी सब स्टेशन बनाने की मांग उठाई।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को कैंप में आपात परिस्थितियों से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**रेवाड़ी।** वीआईपी स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कॉउट एवं गाइड कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य छात्रों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, टीमवर्क तथा आपात परिस्थितियों में स्वयं को संभालने की क्षमता विकसित करना था। स्कॉउट एंड गाइड के प्रशिक्षक आशीष थिरान ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्रों को जंगल अथवा आपात परिस्थितियों में रहने, भोजन तैयार करने, टेंट लगाने, लकड़ी से सुरक्षित आग जलाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि स्कॉउट एवं गाइड जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उन्हें जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती हैं। ऐसे कैंप छात्रों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व तथा आत्मविश्वास विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



### प्रशिक्षण का उद्देश्य नई शिक्षा नीति-2020 के तहत अध्यापन प्रणाली में सुधार करना : डा. संजय

**रेवाड़ी।** डाइट हुसैनपुर में सामाजिक व हिंदी विषय के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। वीरवार को एससीईआरटी गुरुग्राम से बतौर निरीक्षक डा. संजय प्रकाश कौशिक ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति-2020 के तहत अध्यापन प्रणाली में सुधार, 21वीं सदी के कौशलों, वोकेशनल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवीन तकनीकियों व गतिविधि आधारित शिक्षा की जानकारी देना है, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो तथा बच्चे बिना किसी भय एवं मानसिक दबाव से पढ़ाई कर सकें। उन्होंने परिषद की ओर से चलाए जा रहे विज्ञान विषयों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्पार्क, इंस्पायर अवार्ड-मानक, राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी व भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों व अध्यापकों की भागीदारी कराने का आह्वान किया। इस मौके पर फीडबैक में प्रशिक्षुओं ने संस्थान में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रबंधन एवं भोजन की व्यवस्था को सराहनीय बताया। डाइट के वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. बीर सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर से पीजीटी ज्योग्राफी जिला रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम से, पीजीटी साइकोलॉजी जिला रेवाड़ी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ व झज्जर से तथा टीजीटी साइंस व गणित विषय के अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

### शहीदों के सपनों का भारत गोष्ठी आज

**रेवाड़ी।** स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, इंकलाबी देशभक्त व काकोरी कांड के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल अशफाक उल्ला के 98वें बलिदान दिवस पर 19 दिसंबर को शाम 3 बजे प्रगतिशील सांस्कृतिक साहित्यक मंच के तत्वावधान में बाल भवन में शहीदों के सपनों का भारत विषय पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मंच के संयोजक रिटायर्ड मुख्याध्यापक हरिओम व रिटायर्ड ईओ मनोज यादव ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## विधानसभा में भवन निर्माण कराने की उठाई मांग

- शिक्षा मंत्री ने कोताही बरतने वाले ठेकेदार पर जुर्माना लगाने सहित लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने वीरवार को विधानसभा सत्र में सेक्टर-4 स्थित भवन में कन्या विद्यालय को शिफ्ट किए जाने व उसकी मरम्मत कराने सहित अनेक विद्यालयों के भवन के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की आवाज उठाई। विधायक की मांग पर शिक्षा मंत्री ने कार्य में कोताही बरतने वाले ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने का भरोसा दिलाया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान सेक्टर-4 स्थित भवन में राजकीय कन्या विद्यालय को स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाते हुए कहा कि इस भवन में सरकार की ओर से अनेक संस्थाएं चल चुकी है। इस भवन में कॉलेज, सैनिक स्कूल के साथ-साथ सुपर 100 की कक्षाएं भी संचालित की जा चुकी है। देखरेख के अभाव में करीब पांच एकड़ में बना यह भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। उनकी मांग पर सरकार की ओर से इसकी रिपेयरिंग के लिए 45 लाख रुपए मंजूर किए जाने की बात कही गई थी।

### इंतकाल व जमाबंदी के मामलों को लंबित न रखे अधिकारी: उपायुक्त

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने इंतकाल व जमाबंदी के लंबित मामलों का जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। वहीं समाधान शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों को लंबित न रखते हुए प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि नागरिकों को पारदर्शी, सुगम और परेशानी रहित राजस्व सेवाएं दी जाएं। यदि किसी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री होती है तो उसके तुरंत बाद ऑनलाइन इंतकाल करना सुनिश्चित करें ताकि भूमि रिकॉर्ड निर्धारित समय में अपडेट हो सकें। उन्होंने कहा कि इंतकाल और जमाबंदी के मामलों के निपटान में देरी न बरती जाए।

## नाम बदलने के बहाने मनरेगा का पैकअप करने की तैयारी में सरकार: चौ: बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। बावल में जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस नेता चौ. बृजेंद्र सिंह।

पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता चौ. बृजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में शुरू की मनरेगा योजना को भाजपा ने सत्ता में आते ही वर्ष 2014 में खत्म करने के प्रयास किए थे। अब इस योजना का नाम बदलकर इसके पैकअप की तैयारी की जा रही है। चौ. बृजेंद्र सिंह अपनी सद्भाव यात्रा के दौरान बावल हलके में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा का पूरा पैसा केंद्र सरकार खर्च कर रही थी। अब इसका 40 प्रतिशत हिस्सा प्रदेश सरकार को वहन करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार का खजाना पहले ही खाली पड़ा हुआ है, जिस कारण यह योजना जल्द बंद की जा सकती है। इस योजना के बंद होने से बड़ी संख्या में कामगारों का काम छिन जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग के लोग दुखी हैं। प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के कारण वह अपनी जमीनी को बेचकर गैर कानूनी तरीके से विदेश जाने के प्रयास कर रहे हैं।

### सद्भाव यात्रा को मिल रहा अपार समर्थन

उन्होंने कहा कि उनकी सद्भाव यात्रा का मकसद समाज में भाईचारा बढ़ाना और आपसी सद्भाव पैदा करना है। वह 27 हलकों में यात्रा निकाल चुके हैं, जहां लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है।

### छोटे वीर साहिबजादों की याद में सैंड ऑफ आर्ट कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य एवं छोटे वीर साहिबजादों की शहीदी की याद में सैंड ऑफ आर्ट शॉ कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में किया जाएगा। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से आयोजित किए जाने वाले सैंड ऑफ आर्ट शो के माध्यम से वीर साहिबजादों की जीवन गौरव गाथा दिखाई जाएगी। साहिबजादों की वीरगाथा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि शो के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के 4 साहिबजादों की शहादत, मुगलों के जुल्म और साहिबजादों की वीरगाथा को युवा पीढ़ी के समक्ष रखा जाएगा।

**राजनीति** | कांग्रेस की फूट यात्रा में खुलकर हो गई उजागर, बावल हलके के प्रमुख नेता नहीं आए नजर

# सद्भाव यात्रा से कांग्रेस की एकता का राग, एक खेमे के नेताओं ने बनाई दूरी

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता चौ. बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा वीरवार को बावल पहुंच गई। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस की गुटबाजी दूर करने के प्रयासों को सफलता के दावे तो किए जा रहे हैं, परंतु एक खेमे के कांग्रेसी नेताओं की दूरी ने गुटबाजी का खुला संदेश देने का काम कर दिया। हलके के प्रमुख नेताओं ने इस यात्रा से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। इतना ही नहीं कांग्रेस के जिला प्रधान भी यात्रा में नजर नहीं आए।

यात्रा के बहाने जनाधार टटोलने के प्रयास में निकले चौ. बृजेंद्र सिंह लगातार यह दावा कर रहे हैं कि इस यात्रा से कांग्रेस की गुटबाजी खत्म हो रही है। पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। उनके इन दावों की बावल हलके के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पूरी तरह हवा निकाल दी।

इस हलके से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व डा. एमएल रंगा, पूर्व मंत्री चौ. जसवंत सिंह बावल, वरिष्ठ नेत्री नीलम भगवाड़िया व रेखा दहिया कई अन्य प्रमुख चेहरों ने यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। इससे यह बात साफ हो गई है कि कांग्रेस के एक खेमे के लिए इस यात्रा का कोई महत्व नहीं है। यात्रा का स्वागत करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव जरूर अग्रणी भूमिका में नजर आए। उन्होंने इस दौरान यह संकेत देने के प्रयास भी किए कि यात्रा से दूरी बनाने वाले कांग्रेसी नेता 'आका' के डर से यात्रा में शामिल नहीं हुए।

उन्होंने इन नेताओं पर तल्ख टिप्पणी करने तक में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिन कांग्रेस नेताओं ने यात्रा से दूरी बनाए रखी, वह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे से माने जाते हैं। गत लोकसभा चुनावों से पहले ही कैप्टन और हुड्डा के बीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया था। गुरूग्राम से लोकसभा की टिकट कटने के बाद कैप्टन ने खुलकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी।

### 'मर्द' बनने की सलाह पर साधा निशाना

पत्रकारों से बातचीत में कैप्टन अजय सिंह यादव ने यात्रा से किनारा करने वाले कांग्रेसी नेताओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह डर के मारे छुप गए। उन्हें 'मर्द' बनकर यात्रा में शामिल होना चाहिए था। चौ. बृजेंद्र सिंह के सद्भाव यात्रा निकालने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि उनका कम उम्र में सभी हलकों में यात्रा निकालना साहसिक निर्णय है। वह यात्रा के जरिए पार्टी में एकता लाने का प्रयास तो कर रही रहे हैं, साथ ही वोट चोरी के राहुल गांधी के मुद्दे को भी जनता के बीच लेकर जा रहे हैं।



बिजेन्द्र सिंह



एमएल रंगा



चौ. जसवंत सिंह



नीलम भगवाड़िया

### कैप्टन के पीछे चलने को तैयार नहीं नेता

इस यात्रा में कैप्टन अजय सिंह का प्रमुख रूप से हिस्सा लेना और दूसरे कांग्रेसी नेताओं की दूरी ने यह भी साबित कर दिया है कि कांग्रेस की खेमेबंदी में इस एरिया में कैप्टन के पीछे चलने को कोई कांग्रेसी नेता तैयार नहीं हैं। साथ ही कैप्टन को हुड्डा के विरोध की राजनीति के बीच चौ. बिरेंद्र सिंह के रूप में एक मंच मिल चुका है। चौ. बिरेंद्र सिंह गत दिनों कैप्टन के निवास पर भी आए थे, लेकिन कांग्रेस के दूसरे नेताओं ने उस समय भी चौ. बिरेंद्र सिंह का स्वागत करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी।